ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 20 नवम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 257

महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 58% मतदान:बीड में निर्दलीय कैंडिडेट की मौत, शरद गुट के नेता की पिटाई; कैश कांड पर हुई बयानबाजी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र की 288 सीटों पर बुधवार को शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग गढ़चिरौली में 69.63% और सबसे कम वोट मुंबई सिटी में 49.07% डाले गए। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

बीड विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी बाला साहब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही हार्टअटैक से मौत हो गई। धुले के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा और वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई।

उधर, कांग्रेस नेता श्रीनिवास BV ने शिरडी में फर्जी मतदान होने का आरोप लगाया। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि धुले की रहने वाली लड़की ने शिरडी में वोट डाला।

1. शुरुआत में कई जगहों पर EVM खराब, वोटिंग में देरी

मालेगांव आउटर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 292 पर सुबह करीब 8:30 बजे ईवीएम मशीन बंद हो गई। ईवीएम मशीन में इनवैलिड वोट दिखा रहा था। नासिक के पंचवटी इलाके में कई बूथों पर तकनीकी खराबी के चलते 20 मिनट वोटिंग रुकी रही। मध्य नागपुर विधानसभा क्षेत्र के संत कबीर प्राइमरी स्कूल मतदान केंद्र में ईवीएम में तकनीकी खराबी आ गई। एक घंटे की देरी से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। उत्तर नागपुर संसदीय क्षेत्र में कस्तूरबा नगर इलाके में भी ईवीएम बंद हो गई।

2. बिटकॉइन स्कैम पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर

वोटिंग के दौरान भाजपा नेता संबित पात्रा ने बिटकॉइन स्कैम का मुद्दा उठाया। उन्होंने सुप्रिया सुले और नाना पटोले का नाम लिया और कहा कि इस स्कैम की जांच होनी चाहिए। भाजपा ने आरोप लगाया कि सुले और पटोले ने बिटकॉइन के जरिए विदेशी धन का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने में किया। सुप्रिया और शरद पवार ने इन आरोपों को खारिज किया। शरद पवार ने कहा कि आरोप लगाने वाला पूर्व आईपीएस रवींद्र पाटिल जेल में है। भाजपा विनोद तावड़े के मामले से परेशान है और हम पर झूठे आरोप लगा रही है।

3. भाजपा महासचिव के कैश कांड पर भी बयानबाजी

बहुजन विकास अघाड़ी (BVA) के नेता हितेंद्र ठाकुर ने भाजपा महासचिव विनोद तावड़े के कैश कांड का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विनोद तावड़े ने पूरा होटल क्यों बुक कर रखा था। अब तावड़े कह रहे हैं कि इस होटल का मालिक मैं हूं। उनकी पॉलिसी बन गई है, बिना डर के झूठ बोलना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी तावड़े के मामले पर सवाल उठाया। इस पर विनोद तावड़े ने कहा कि राहुल गांधी पहले मेरे पास 5 करोड़ रुपए होने का सबूत दें।

फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे ने युद्ध का अलर्ट जारी किया:नागरिकों से कहा- रूसी हमले से बचने की तैयारी करें; 4 देशों ने यूक्रेन में एम्बेसी बंद कीं



24 न्यूज अपडेट

कीव. रूस-यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बाद 3 नॉर्डिक देशों ने युद्ध अलर्ट जारी किया है। नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क ने अपने नागरिकों से जरूरी सामानों का स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, इन देशों की सीमाएं रूस और यूक्रेन से सटी हैं। यूक्रेन पर परमाणु हमले की स्थिति में इन देशों पर असर पड़ सकता है। नॉर्वे ने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है।

स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, तनाव के बीच अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को अपनी एम्बेसी बंद कर दी है। इसके अलावा इटली, ग्रीस और स्पेन ने भी एक दिन के लिए कीव दूतावास बंद रखने का फैसला किया है।

एम्बेसी ने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर जाने को कहा

अमेरिकी एम्बेसी ने अपने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर रहने को कहा है। इसके साथ ही यूक्रेन में रहने वाले अमेरिकी यात्रियों को भी सावधानी बरतने को कहा है और किसी खतरे की स्थिति में सुरक्षित जगह पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। बाइडेन प्रशासन ने 3 दिन पहले यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल का रूस में इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है।

पालतू कुत्तों को खुले में शौच कराने पर 1000 रुपये तक जुर्माना, राज्य सरकार का फैसला



24 न्यूज अपडेट

हैदराबाद: तेलंगाना सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में पालतू जानवरों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. पालतू कुत्तों को लावारिस छोड़ने या सार्वजनिक स्थानों पर उन्हें शौच करने देने वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा.

तेलंगाना के नगर निगम प्रशासन आयुक्त और निदेशक (सीडीएमए) की तरफ से ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) को छोड़कर सभी शहरी स्थानीय निकायों के आयुक्तों को स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह निर्देश जारी किया गया है, जहां इसी तरह के प्रावधान पहले से ही लागू हैं.

नगरपालिका अधिनियम के मुताबिक, अगर पालतू जानवर सार्वजनिक स्थानों पर शौच करते हैं तो उनके मालिक को मल साफ करना चाहिए. ऐसा न करने पर शहरी स्थानीय निकायों में 1,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा. इस प्रावधान को सख्ती से लागू करने से उन लोगों पर भी अंकुश लगेगा, जो अपने पालतू जानवरों को सड़कों पर छोड़ देते हैं.

निर्देश में कहा गया है कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पालतू जानवरों के मालिक जिम्मेदारी से काम करें और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखें.

नियम के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों के शौच करने पर मालिकों को सफाई करनी होगी या 1,000 रुपये तक का जुर्माना भरना होगा.

अगर कोई मालिक अपने पालतू जानवरों को सार्वजनिक स्थानों पर लावारिस छोड़ेंगे, तो उन पर भी जुर्माना लगाया जाएगा.

सभी जिलों में लागू करने का निर्देश

जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्तों को उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में इस नियम को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. यह पहल शहरी स्वच्छता में सुधार और सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए पालतू जानवरों के मालिकों को जवाबदेह बनाने पर सरकार के फोकस को रेखांकित करती है.

अब पालतू कुत्तों द्वारा की गई गंदी के लिए उनके मालिकों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा. इसके अलावा, खुले स्थानों पर मल पड़ा रहने से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा होता है और सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करने वालों को भी असुविधा होती है.

उपचुनाव- 5 राज्यों की 15 विधानसभा सीटों पर वोटिंग खत्म
UP में पुलिस पर पथराव, इंस्पेक्टर ने महिलाओं पर पिस्टल तानी



24 न्यूज अपडेट

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ 4 राज्यों की 15 विधानसभा और नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव की वोटिंग खत्म हो गई। 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट पर उपचुनाव की वोटिंग के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। बाद में ककरौली थाने के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने भीड़ को खदेड़ने के लिए वहां मौजूद महिलाओं पर रिवॉल्वर तान दी और कहा- यहां से चली जाओ, नहीं तो गोली मार दूंगा।

समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया X पर रिवॉल्वर ताने हुए इंस्पेक्टर का वीडियो शेयर करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की।

यूपी के करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या

उत्तर प्रदेश में करहल, मीरापुर,, ककरौली, सीसामऊ सीट, मुजफ्फरनगर में पुलिस से झड़पें हुईं। करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। पिता ने आरोप लगाया कि सपा को वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला। चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने मतदाताओं के वोटर आईडी चेक किए और बूथ पर नहीं जाने दिया। कानपुर में 2,मुरादाबाद में 3 और मुजफ्फरनगर में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने कहा- मुस्लिम बहुल इलाकों में प्रशासन लोगों को डरा रही है। चमनगंज इलाके में पुलिस और RAF ने लोगों को दौड़ाया।

जयपुर-देहरादून फ्लाइट का 18 हजार फीट ऊंचाई पर इंजन फेल:70 पैसेंजर सवार थे, 30 मिनट अटकी रहीं सांसें; दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग



24 न्यूज अपडेट

जयपुर.जयपुर-देहरादून की इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6E-7468) का 18 हजार फीट पर एक इंजन फेल हो गया। फ्लाइट में 70 पैसेंजर थे। प्लेन की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। खराब इंजन के साथ प्लेन हवा में करीब 30 मिनट रहा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे की है। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस के विमान को 19 नवंबर शाम जयपुर एयरपोर्ट से शाम 5:55 पर देहरादून के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से विमान ने तय वक्त से 40 मिनट देरी से 6:35 पर देहरादून के लिए उड़ान भरी। इसके करीब 25 मिनट बाद ही विमान के इंजन में खराबी आ गई। पायलट ने एयर दिल्ली के ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (ATC) से संपर्क कर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी। इसके करीब 30 मिनट बाद ATC दिल्ली ने इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से देहरादून भेजा फ्लाइट रात करीब 8:10 मिनट पर दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड हुई। इस दौरान पैसेंजर की सांसें फूली रहीं। सभी यात्रियों को सुरक्षित एयरपोर्ट टर्मिनल में लाया गया। फिर उन्हें दूसरी फ्लाइट से देहरादून भेजा गया।

दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो की जयपुर-देहरादून उड़ान 6E-7468 को उसके ATR टर्बोप्रॉप विमान (VT-IRA) के इंजन में खराबी आने के बाद दिल्ली डायवर्ट किया गया था।

वहीं, इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों ने बताया कि जयपुर से देहरादून जाने वाली फ्लाइट 6E-7468 को तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली डायवर्ट किया गया।

फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' राजस्थान में टैक्स फ्री की गई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को राजस्थान सरकार ने टैक्स फ्री करने का फैसला किया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने फिल्म को टैक्स फ्री करने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। वित्त विभाग ने टैक्स फ्री करने के आदेश जारी कर दिए हैं। रविवार को पीएम मोदी ने इस फिल्म की तारीफ की थी, आज भजनलाल सरकार ने इसे टैक्स फ्री करने का फैसला किया है। वहीं, दूसरी तरफ इस फिल्म को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने फिल्म को टैक्स फ्री करने की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा- हमारी सरकार ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को राजस्थान में कर-मुक्त (टैक्स फ्री) करने का सार्थक निर्णय लिया है। यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत (तोड़ मरोड़ कर पेश) करने का गलत प्रयास किया।

यह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है। उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक, मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण , हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।

सीएम ने आगे लिखा- यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए। अतीत का गहन विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है।

संपादकीय : चुनौती के सामने

दुनिया फिलहाल जिस तरह की उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, उसमें ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में हुए जी20 के सम्मेलन की अपनी अहमियत है। विश्व के प्रभावशाली देशों के शीर्ष नेतृत्वों के जुटने पर एक आम उम्मीद यह है कि मौजूदा विश्व में जिस तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसके संकट में तब्दील हो जाने की आशंका बन रही है, तो ऐसे में उनके हल के लिए एक ठोस निष्कर्ष सामने आए। मगर आमतौर पर होता यही है कि इस तरह की हर अंतरराष्ट्रीय बैठकों के बाद लिए गए संकल्प आने वाले वक्त में आधे-अधूरे या फिर उपेक्षित ही रह जाते हैं। सवाल है कि गंभीर समस्याओं का हल क्या अगंभीर या टालमटोल के अंदाज में निकल सकता है ! इस बार ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में वैश्विक स्तर पर चुनौती के रूप खड़ी परिस्थितियों पर चर्चा जरूर हुई, घोषणापत्र में नई राह निकालने को लेकर सामूहिक रूप से उम्मीद भी जताई गई। मगर समस्याओं का समाधान करने के लिए उन पर अमल की राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। गौरतलब है कि विश्व की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेताओं ने सोमवार को जारी एक संयुक्त घोषणापत्र में भुखमरी की चुनौती से पार पाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौते की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही युद्धग्रस्त क्षेत्र गाजा में ज्यादा मदद पहुंचाने के अलावा पश्चिम एशिया के साथ-साथ यूक्रेन में भी युद्ध और को समाप्त करने का आह्वान किया गया। रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त बयान को जी20 के ज्यादातर सदस्यों का समर्थन मिला। मगर अंतरराष्ट्रीय हित का सवाल होने के बावजूद बयान को सर्वसम्मति नहीं मिली। इसमें भविष्य में अरबपतियों पर वैश्विक कर लगाने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों से अलग विस्तार करने की मांग के साथ सुधारों की बात भी कही गई सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या में विस्तार का सवाल भारत भी उठाता रहा है। मगर इस दिशा में अब तक सिर्फ बातें ज्यादा हुई हैं, कोई ठोस प्रगति जमीन पर उतरती नहीं दिखी। उम्मीद के मुताबिक, सम्मेलन में यूक्रेन से शत्रुता समाप्त करने पर जोर दिया गया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका का जो रुख है, उसके कायम रहते हुए क्या उम्मीद की जा सकती है? वहीं रूस भी युद्ध में अपने पक्ष को सिर्फ जवाब के तौर पर देखता है। इसी तरह, इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में गाजा में कई हजार लोग मारे जा चुके हैं । मगर इजराइल के प्रति अमेरिका का नरम रुख जगजाहिर रहा है। ऐसे में सिर्फ आह्वान करने या सदिच्छा भर से युद्ध खत्म करने के हालात कैसे पैदा हो सकते हैं? यह छिपा नहीं है कि वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षो की वजह से ही खाद्य, ईंधन और उर्वरक आदि का संकट पैदा हो रहा है और इससे सबसे ज्यादा विकासशील देश प्रभावित हैं। सम्मेलन में भारत ने यह मुद्दा जोर देकर उठाया भी निश्चित रूप से मौजूदा विश्व में भुखमरी और युद्ध जैसे हालात विकास और उसकी सारी संभावनाओं को उल्टी दिशा की ओर मोड़ दे सकते हैं। इस लिहाज से प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देशों का इससे चिंतित होना स्वाभाविक है। मगर सवाल है कि संकट के हल का लक्ष्य हासिल करने के लिए क्या केवल चर्चा करना काफी हो सकता है ? जब तक समस्या को खत्म करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए स्पष्ट दिशा और रास्ते तय करके उस पर निर्णायक कदम नहीं बढ़ाए जाएंगे, तब तक ऐसे सम्मेलनों की सार्थकता कैसे साबित होगी !

यातना का पाठ

गुजरात के एक मेडिकल कालेज में रैगिंग की वजह से प्रथम वर्ष के एक छात्र की मौत ने समाज के हर संवेदनशील व्यक्ति को विचलित कर दिया है। चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे पीड़ित छात्र की मौत कोई सामान्य घटना नहीं है । परिचय के नाम पर उसे और अन्य कनिष्ठ विद्यार्थियों को जिस तरह गालियां दी गईं और शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया यह परपीड़ा की पराकाष्ठा है। इस अमानवीय घटना से फिर यही साबित हुआ कि छात्रावासों और शैक्षणिक परिसरों में रैगिंग रोकने के ठोस उपाय नहीं किए गए और सुप्रीम कोर्ट तक के कड़े दिशा-निर्देशों को अब भी हल्के रूप में लिया जा रहा है। ऐसे ज्यादातर मामलों में कार्रवाई की कवायद तब शुरू होती है, जब इस तरह की कोई घटना तूल पकड़ लेती है। हालांकि इस मामले में त्वरित कार्रवाई हुई और पंद्रह छात्रों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। उन्हें कालेज से निलंबित भी कर दिया गया। मगर पीड़ित छात्र के परिवार को अगर न्याय मिला भी, तो उनके घर का चिराग लौट कर तो नहीं आएगा। कायदे से अगर किसी संस्थान में ऐसा होता है तो इसके लिए उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की आड़ में जिस तरह हिंसक मनोवृत्ति और कुंठा की मानसिकता अपनी जड़ें जमा चुकी है, उस पर कानूनी पहलू से ही नहीं, समाजशास्त्रीय दृष्टि से भी देखने की जरूरत है। आरोपी छात्र भी समाज से ही आते हैं। यह सोचने का विषय है कि आखिर उनमें किसी को शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंचाने की प्रवृत्ति कहां से आई है। यह कैसी कुंठित मानसिकता है, जिसमें किसी को पीड़ा पहुंचा कर आनंद की अनभूति होती है? स्कूल की पढ़ाई खत्म कर कालेज आए नवोदित विद्यार्थियों से अभद्र व्यवहार से आगे कह कर उनसे अमानवीयता दिखाने का अर्थ है कि युवाओं के एक वर्ग में सामाजिक शिष्टाचार ते दूर, मानवीय संवेदना के बैज तक नहीं डाले गए। यह जिम्मेदारी आखिर किसकी थी? अब रैगिंग के जरिए अगर ये अपनी कुंठा की हिंसक अभिव्यक्ति करते हैं तो जाहिर है कि समाज और शिक्षण संस्थानों से कहीं चूक हुई है। उच्च शिक्षा हासिल करने गए छात्र ही अगर अपराधियों की तरह का बर्ताव करेंगे तो भविष्य में उनसे क्या उम्मीद की जाएगी।

द ग्रेट सेपरेटर पारस पथ : 'पत्थर' हुए "पारस" बोले-कार्यकाल खत्म, अब सामान्य नागरिक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उप महापौर पारसजी सिंघवी ने पार्षद पद पर अपने कार्यकाल को खत्म घोषित कर दिया है। कल नगर निगम के चेम्बर से उनका सामान शिफ्ट हो गया था व महापौरजी को संदेसा भेज दिया गया कि - महापौर से कहना मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया। इस पर पार्टी में घमासान मच गया व मनाने के लिए आज सुबह महापौर जीएस टांक उनके घर पहुंचे। उनको साथ लेकर निगम के ऑफिस आए लेकिन निगम में पारस सिंघवी अपने चेम्बर में चुनिंदा मीडिया को बुलाकर कैमरों के सामने अपनी कुर्सी पर नहीं विराजे। उन्होंने कहा कि 19 तारीख को पार्षद बना था और 19 को ही मेरा कार्यकाल खत्म हो गया। इसलिए अब मैं पार्षद नहीं रहा। सामान्य आदमी के नाते आया हूं। दूसरे पार्षदों का कार्यकाल खत्म हुआ क्या? सवाल पर कहा कि उनके बारे में मैं नहीं कह सकता हूं। उन्होंने एक बार फिर पार्टी के प्रति अनुशासित सिपाही वाला जेश्चर दिया व कहा कि टांक साहब हमेशा आदरणीय हैं, मैं उनकी बात जीवन में कभी नहीं टाल सकता हूं। पद के सवाल पर कहा कि अगर सरकार कार्यकाल आगे बढ़ाएगी को फिर इसी कुर्सी पर बैठकर काम करूंगा। आपको बता दें कि उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी एलिवेटेड रोड के मुद्दे पर शुरू से विरोध में थे जिसका परसों भूमि पूजन के समय क्लाइमैक्स आ गया और वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम की जगह उनके नहीं आने के ज्यादा चर्चे हुए। मंच से कटारिया व महापोर ने भी इशारों-इशारों में तंज कर दिए तो राजनीतिक गर्मी और बढ़ गई।

आगे की राहें क्या होंगी

अब बड़ा सवाल उठ रहा है कि पारस सिंघवी जैसे कद्दावर नेता की आगे की राहें क्या होंगी। क्या वे फिर पार्षद बनेंगे या इस बार टिकट का मोह छोड़ कर किसी अन्य धारा में बहना पसंद करेंगे। 24 न्यूज अपडेट ने इस बारे में उनका पक्ष जानना चाहा मगर उपलब्ध नहीं हुए। ऐसे में राजनीतिक कायासों के आधार पर कहा जा सकता है कि पारस के 'पत्थर' होने से राजनीतिक नफा या नुकसान होना तय है। उदयपुर की राजनीति में यह स्पष्ट रूप से कहा जाता है कि जो भी भाई साहब के गुट से बगावत करके यहां वहां हुआ, उसके पॉलिटिकल कॅरियर की गाड़ी पटरी से उतर गई। जो लोग वापस लौट कर भी भाई साहब की आभामंडल में लौटे, उनको भी लंबे समय तक लॉयल्टी टेस्ट देकर अपनी वफादारी साबित करनी पड़ी। पारस सिंघवी ने ताराचंद जैन को विधायक का टिकट मिलने पर भी विरोध का मोर्चा खोला था लेकिन नामांकन के बाद वे लौट आए थे। उससे पहले उप महापौर की कुर्सी रेस में भी उनका सीधा मुकाबला तब के पार्षद व वर्तमान विधायक ताराचंद जैन से हुआ था। वर्तमान भाजपा में जहां विरोध की आवाजों की गुंजाइश बहुत कम बची है और हर तरफ जी भाई साहब के नारे गूंजते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में द ग्रेट सेपरेटर पारस पथ पर उनका अग्रसर होना कई राजनीतिक पंडितों को अचंभे में डाल रहा हैं नए समीकरणों में ऐसे कौनसे नए एलिवेटेड ओवर ब्रिज बचे हैं जिनको पार करके पारस सिंघवी अपनी राजनीतिक दिखा खुद तय कर सकेंगे। भाई साहब के गुट का आभामंडल अभी भी दैदीप्यमान दिखाई दे रहा है मगर यह भी सच है कि उसके प्रकाश, प्रताप या विरोधियों के लिए राजनीतिक संताप का तेज कम जरूर हुआ है। कई समान सोच वाले उस मौके की तलाश में हैं जब डबल इंजन में उपर तक की इक्वेशन को बिठाते हुए पासा ही पलट दिया जाए। उसके लिए चुनाव से बेहतर मौका और कौनसा हो सकता है।

कल क्या हुआ था

उप महापौर पारस सिंघवी ने मंगलवार को निगम का अपना चैम्बर खाली किया व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को चाबियां संभलाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। वे चैम्बर से अपना सामान लेकर चले गए, निगम की कार लौटा दी व बुख बे-कार हो गए। महापौर को भी इस बारे में बता देना यह भी कह गए। हालांकि आजकल राजनीति ही एक बिजनेस हैं लेकिन सिंघवी पॉलिटिक्स के साथ ही बिजनेस में भी अच्छी दखल व प्रभाव रखते हैं। व्यापारियों की भावनाओं को देखते हुए उन्होंने एलिवेटेड रोड के भूमि पूजन से दूरी बनाए रखीं ।

गोगुंदा में पिंजरे में फंसा पेंथर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा क्षेत्र में आज एक पेंथर पिजरे में कैद हुआ हैं बताया गया कि गोगुंदा की घरावण नई बस्ती के पास पेंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। इसमें आज एक पेंथर कैद हुआ। गोगुंदा से करीब पांच किलोमीटर दूर पर यह गावं स्थित हैं यहां पर आज सुबह ग्रामीणों ने पेंथर को पिंजरे में कैद देखा। वन विभाग की ओर से बताया गया कि यह दो साल की मादा पेंथर है। यहां पर एक दिन पहले पेंथर ने घरावण नया बस्ती के पास बाड़े में घुसे कर जेताराम गायरी की दो भेड़ों का शिकार कर लिया था। यहां पर करीब 20 परिवार आस-पास रहते हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए पेंथर को तुरंत पकड़ने की मांग की थी। आज सुबह ग्रामीणों ने पेंथर को देखा तो वन विभाग की टीम को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और पिंजरा रखवा दिया। इस पिंजरे में सुबह करीब 6 बजे पेंथर फंस गया। पेंथर को देखने लोगों का मजमा लग गया। वन विभाग की टीम अब इसे लेकर उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलोजिकल पार्क आई है।

महाकुंभ स्पेशलः प्रयागराज में 2 दिन रुकेगी ट्रेन, उदयपुर -वाया प्रयागराज धनबाद जाएगी

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी को शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए उदयपुर से जाने वालों के लिए अच्छी खबर है। उदयपुर से 19 जनवरी को प्रयागराज जाने वाली स्पेशल ट्रेन अब वापसी में 21 के बजाय 22 जनवरी को प्रयागराज से रवाना होगी। यानी श्रद्धालु अब 24 के बजाय 22 जनवरी को प्रयागराज से रवाना होगी। यानी श्रद्धालु अब 24 के बजाय 48 घंटे प्रयागराज में रुक सकेंगे। यह ट्रेन उदयपुर सिटी स्टेशन से प्रयागराज होते हुए धनबाद तक जाएगी। नई समय सारणी के मुताबिक स्पेशल ट्रेन उदयपुर सिटी स्टेशन से 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे रवाना होकर जयपुर होते हुए 20 जनवरी को सुबह 10रू10 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यानी यह 21 घंटे का सफर होगा। ट्रेन का अंतिम स्टेशन धनबाद होगा। जहां यह रात 9 बजे पहुंचेगी। वापसी में धनबाद से 21 जनवरी को ही रात 11 बजे रवाना होकर 22 जनवरी को सुबह 10रू10 बजे प्रयागराज पहुंच जाएगी। वहां से 23 जनवरी को सुबह 9रू40 बजे उदयपुर पहुंचेगी। प्रयागराज से उदयपुर वापसी में करीब 24 घंटे लगेंगे। प्रयागराज स्टेशन पर आते-जाते समय 10 मिनट का ठहराव रहेगा। यानी इस ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालु महाकुंभ में दो दिन बिता सकेंगे। बुकिंग अभी शुरू नहीं हुई है। स्पेशल ट्रेन में 2 सेकंड एसी, 4 थर्ड एसी, 9 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी और 2 गार्ड डिब्बों सहित 19 डिब्बे होंगे।

5 महीने बाद भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को नहीं मिले शिक्षक, विभाग ने नहीं किया रिजल्ट घोषित

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिएआयोजित हुई परीक्षा का जल्द परिणाम घोषित कराकर शिक्षकों को पदस्थापन दिलाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चैहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 134 विवेकानंद मॉडल स्कूल एवं 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों कबकरीब 17500 रिक्त पदों को भरने हेतु विभाग में सेवारत शिक्षकों से आवेदन लेकर 25 अगस्त को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने सरकार को भेजे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से कार्मिक द्वारा वर्तमान पदस्थापित जिले का विकल्प दिए जाने पर उस जिले में चयन पदस्थापन हेतु 10 अतिरिक्त बोनस अंक देने का प्रावधान लागू किया गया था जिसके कारण प्रकरण उच्च न्यायालय में चला गया जिसके बाद माननीय न्यायालय ने बोनस अंक देने के प्रावधानों को गलत मानते हुए परीक्षा परिणाम जारी करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद भी विभाग की ओर से परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षा सत्र के साढे चार महीने बाद भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से छात्रों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चैहान ने बताया कि इस बीच शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के स्कूलों में अधिशेष चल रहे शिक्षकों को 6 दिसंबर तक समायोजन करने के आदेश जारी किए हैं। अधिकतर जिलों में अधिशेष शिक्षकों में से बड़ी संख्या में इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए परीक्षा दी है। ऐसे में समायोजन के बाद परीक्षा परिणाम जारी कर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पोस्टिंग देने से फिर से शिक्षा विभाग को इन स्कूलों से अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। संघ ने सरकार से अधिशेष शिक्षकों के किए जा रहे समायोजन से पूर्व अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक चयन के लिए 25 अगस्त को आयोजित हुई परीक्षा का शीघ्र परिणाम घोषित कर सफल शिक्षकों को जल्द पदस्थापन दिलाए जाने का आग्रह किया है।

अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा 20 नवम्बर। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध पिस्टल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध हथियारो की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा ब्रदीलाल के निर्देशन एवं थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर पु.नि. के सुपरविजन में एएसआई सूरज कुमार मय जाब्ता हैड कानि. हरविन्द्र, कानि अमित, हेमन्त, देवेन्द्र व विरेन्द्र द्वारा कस्बा निम्बाहेडा मे गश्त के दौरान जे.के. टाउन हॉल के सामने रोड पर बस के इंतजार मे खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ कर तलाशी ली गई तो उनके पेंट में एक अवैध पिस्टल मिली।

उक्त अवैध पिस्टल को जब्त कर आरोपी चरलिया गदीया थाना सदर निम्बाहेडा निवासी 30 वर्षीय मोती लाल डांगी पुत्र शांति लाल डांगी को गिरफतार कर थाने पर पहुच प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया ।

कंटेनर से पकड़ी 12 लाख की शराब, ड्राइवर गिरफ्तार : ड्राइवर सीट के पीछे केबिन में गुप्त बॉक्स बनाकर छुपा रखे थे कार्टन



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर से करीब 12 लाख रुपए की राजस्थान निर्मित शराब को जब्त किया है। कंटेनर में ड्राइवर केबिन के पीछे ही गुप्त बॉक्स बनाकर शराब छुपाकर रखी थी। कंटेनर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बिछीवाड़ा थाने के सीआई कैलाश सोनी ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एसपी मोनिका सैन के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मुखबिर के जरिये राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर होकर अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस की ओर से रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की गई। इस दौरान उदयपुर की तरफ से आ रहे एक कंटेनर को रुकवाया गया। पूछताछ में कंटेनर ड्राइवर ने अपना नाम ओमप्रकाश सिंह निवासी ब्यावर होना बताया।

पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो कंटेनर के केबिन में एक गुप्त बॉक्स में शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने कंटेनर से राजस्थान निर्मित शराब के 192 कार्टन बरामद किए हैं। आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आरोपी कंटेनर ड्राइवर ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। ड्राइवर शराब को भीम राजसमन्द से भरकर गुजरात तस्करी की फिराक में था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

राजकीय आवासीय भवन गिराने का आरोपी गिरफ्तार:आमेट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेसीबी मशीन जब्त की

24 न्यूज अपडेट

राजसमंद.राजसमंद में राजकीय भवन गिराने के आरोपी को आमेट पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए एक जेसीबी जब्त की।

आमेट पुलिस थाना इंचार्ज सुरेंद्र सिंह शक्तावत के अनुसार जिले में सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आमेट पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन मे आमेट पुलिस की विशेष टीम ने सरकारी भवन गिराने के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेसीबी जब्त की है। आमेट पुलिस थाने पर डॉ महेन्द्र कुमार शर्मा (29) पुत्र रामजीलाल शर्मा निवासी साकरडा थाना जाया रामगढ जिला जयपुर ने 13 नवम्बर को रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया कि 11 नवम्बर की रात्रि को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौखुंदा जिला भीलवाड़ा का राजकीय आवास भवन को अज्ञात व्यक्ति ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच प्रारंभ की।

सीबीआई अधिकारी बनकर पति-पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट:जेल जाने का डर दिखाकर 1.05 करोड़ रुपए खाते में करवाए ट्रांसफर



24 न्यूज अपडेट

श्रीगंगानगर. श्रीगंगानगर में एक बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बदमाश ने सीबीआई अधिकारी बनकर इस वारदात को अंजाम दिया।

सीबीआई अधिकारी का रौब और जेल जाने का डर दिखाकर

बदमाश ने पति-पत्नी से खाते में रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जांच अधिकारी साइबर सेल के डीएसपी कुलदीप वालिया ने बताया- जिन खातों से रकम निकाली गई है, उन्हें फ्रीज करने के लिए संबंधित बैंक को पत्र लिखा गया है। डीएसपी वालिया ने बताया कि पूरे मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों ने फ्रॉड की गई राशि को कई खातों में ट्रांसफर किया है। अब इन खातों का पता लगाया जा रहा है एक खाते से दूसरे खाते में होते हुए राशि को अलग-अलग खातों में भेजा जा रहा है। मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे

पीड़ित महिला ने बताया कि वह और उनके पति घर में अकेले रहते हैं। बच्चे विदेश में हैं। हाल ही में परिवार ने जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे। महिला के पति के फोन पर 15 नवंबर को वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसके पति के खाते में गलत तरीके से रुपए जमा हुए हैं। दिल्ली में केस दर्ज हुआ है। इस मामले में 7 साल की जेल होगी।

ट्रांजेक्शन राशि को कई खातों में ट्रांसफर किया

ASI कमल सहारण ने बताया कि पुलिस उन खातों को खंगाल रही है जिसमें इस ट्रांजेक्शन राशि को घुमाया गया है। इस राशि को अलग-अलग कई खातों में ट्रांसफर किया गया है, ताकि पुलिस की जानकारी में मामला आए भी तो कई दिनों तक पुलिस चक्कर-घिन्नी बनी रहे। पुलिस उन खातों की जांच भी कर रही है।

आरोपी बोले- किसी को भी मत बताना

आरोपी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि दोनों पति-पत्नी घर के कमरे में ही रहें। किसी को भी इस बारे में नहीं बताना है। उसने झांसा दिया कि वे उनका नाम इस केस से निकलवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके खाते में जो राशि पड़ी है, उसे सीबीआई के खाते में ट्रांसफर करवाए। आरोपी ने उन्हें एक खाते में रुपए ट्रांसफर करवाने को कहा। इस पर पीड़ित ने 1 करोड़ 5 लाख 59 हजार 960 रुपए उस खाते में जमा करवा दिए। इसके बाद भी जब आरोपी ने पीड़ित को धमकाना जारी रखा तो पीड़ित को उनके साथ हुई ठगी का पता लगा।

रुपयों को अलग-अलग खातों में किया ट्रांसफर

पुलिस उन खातों को खंगाल रही है जिसमें इस ट्रांजैक्शन राशि को घुमाया गया है। इस राशि को अलग-अलग कई खातों में ट्रांसफर किया गया है, ताकि पुलिस की जानकारी में मामला आए भी तो कई दिनों तक पुलिस चक्कर घिन्नी बनी रहे। पुलिस उन खातों की जांच भी कर रही है।

सरस डेयरी समिति के सचिव का दिनदहाड़े मर्डर, चेहरे पर स्प्रे किया, फिर चाकू घोंपा



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. अजमेर में सरस डेयरी समिति के सेक्रेटरी (सचिव) की दिनदहाड़े हत्या कर दी। युवक ने उनके ऑफिस में घुसकर पहले चेहरे पर स्प्रे किया और फिर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर सेक्रेटरी के गांव का ही रहने वाला है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घायल सेक्रेटरी को जेएलएन हॉस्पिटल लेकर गए मगर डॉक्टर ने मृत घोषित किया। पुलिस मौके पर पहुंची व एफएसएल टीम को भी बुलाकर सबूत जुटाए हैं। हत्या के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि जानकारी सामने आई है कि आरोपी युवक मृतक का चचेरा भाई है। बताया गया कि दौराई के डेयरी में सेक्रेटरी किशनलाल (42) पुत्र गबरुलाल अपने ऑफिस में बैठे थे। सुबह 11 बजे के करीब दिलीप नाम का युवक ऑफिस में आया और उन पर स्प्रे कर दिया। इसके बाद चाकू मारकर भाग गया। आवाज सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे और सेक्रेटरी के परिजनों को सूचना दी। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आरोपी ने करीब दो वार चाकू से किए थे जिसमें से एक सीधा सीने पर लगा। थाना प्रभारी ने बताया- सेक्रेटरी के चचेरे भाई हंसराज चैधरी ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया- उसके ताऊ का लड़का किशन लाल चैधरी की दौराई मेला ग्राउंड के पास सरस डेयरी की दुकान है। उसी समय गांव (दौराई) का ही रहने वाला दिलीप चैधरी आया। उसके हाथ में धारदार चाकू और एक स्प्रे था। उसने भाई की आंखों में स्प्रे का छिड़काव किया और चाकू से सीने पर वार कर दिया। सीसीटीवी के आधार पर युवक की तलाश की जा रही है। सीओ ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से परेशान हैं। पत्नी से विवाद चल रहा है। दहेज प्रताड़ना का भी मुकदमा दर्ज करवा रखा है। परिवार से भी अलग रहता है। सीसीटीवी कैमरे में ये पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। आरोपी ऑफिस में आता है और हाथ में चाकू है। इसके बाद वह कुर्सी पर बैठे किशनलाल के चेहरे पर कोई स्प्रे छिड़कता है। किशनलाल कुर्सी से खड़े होकर कोने में खड़े होकर बचने की कोशिश करते हैं, लेकिन आरोपी ने उनके सीने में चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी ऑफिस से भागने लगता है तो किशनलाल कुर्सी लेकर उसके पीछे दौड़ते हैं। आरोपी ऑफिस के बाहर बाइक छोड़कर भाग जाता है। किशनलाल सड़क पर गिर जाते हैं। इसी दौरान सामने से एक कार आती है। कार ड्राइवर नीचे उतरकर किशनलाल को देखता है। लोगों की भीड़ जमा हो जाती है और घायल को कार से अस्पताल ले जाते हैं।

युवक की तलाश के लिए तालाब को करवाया खाली:पुलिस को देखकर चार दिन पहले कूदा था, तलवार लेकर घूम रहा था



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में चार दिन पहले तालाब में डूबे युवक का बुधवार को भी पता नहीं चला। अब तालाब में से पानी को खाली करवाने के लिए बुधवार को बुलडोजर से पाल तोड़ी गई। इसके बाद तालाब से पानी दूसरी ओर बहना शुरू हो गया। बीते चार दिन से एसडीआरएफ की टीम सुबह से रात तक शव को तलाशने में जुटी हुई हैं। 15 फीट गहराई में जाकर तलाशने के बावजूद शव का पता नहीं लग पाया। तालाब में भारी मात्रा में सिंघाड़े, जलकुंभी और कचरा होने से शव ढूंढ़ने में परेशानी हो रही थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ ने तालाब से पानी खाली करने का निर्णय लिया था। पुलिस को देखकर तालाब में कूदा था सायरा थाना क्षेत्र के पुनावली गांव मेड़ी का मथारा निवासी खुम सिंह रविवार दोपहर तालाब में कूद गया था। पहले ग्रामीणों ने युवक को ढूंढने का प्रयास किया था। बाद में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया- ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि खुम सिंह नाम का युवक तलवार लेकर लोगों को डरा रहा था। राह चलती एक बकरी और व्यक्ति पर तलवार से हमला करने का प्रयास किया था। इस पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। तब तक आरोपी युवक वहां से गायब हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस टीम ने उसे ढूंढ़ने का प्रयास किया तो वह तालाब की ओर भागता हुआ दिखा। ग्रामीण और पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन युवक अचानक तालाब में कूद गया। युवक कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान था।

4 माह पहले बनी माइनर टूटी:राखो गांव में करीब 12 बीघा खेत पानी में डूबे, किसानों ने मक्का की फसल के लिए जोते हैं खेत



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा.नौगामा। राखो मुख्य नहर से निकलने वाली माइनर घटिया निर्माण की चार जगह पर टूट से खेत जलमग्न हो गए। किसानों ने बताया कि मुख्य नहर से सरेडी भीलान माइनर ग्राम पंचायत सुवाला ग्राम रायनपाडा के खेतो में एक किलोमीटर में घटिया निर्माण करने से चार महीनों पहले बनी माइनर चार जगह टूट गई है। जिसकी वजह से 12 बीघा खेतो में बोई मक्का की फसल और बोया खाद पानी में बह गया है। पानी व्यर्थ खेतो में से होकर तालाब में जा रहा है। किसानों ने बताया कि चार महीने पहले जब ठेकेदार ने काम शुरू किया तो किसानों ने विरोध किया था । माइनर लेवल से नहीं बन रही है और घटिया निर्माण हो रहा है। जिसको लेकर अधिकारियों को भी अवगत करवाया था लेकिन ठेकेदार ने अपनी मन मर्जी से माइनर का निर्माण कर दिया ।

किसानों ने बताया कि घटिया निर्माण की वजह से केनाल टूट गई है और लेवल नहीं होने से पानी वापस मुख्य नहर में जा रहा है। शुरुवात में यही हाल हे तो खेतो के अंत तक कैसे पानी पहुंचेगा। किसानों ने आक्रोश जताते हुए माइनर को सही करने की मांग की है और साथ हि कई किसानों के खेत जलमग्न हो गए। जलमग्न हुए खेत के किसान ऊकार कटारा ,हडिया कटारा, वालसेग पारगी ,देवा पारगी ,बालू कटारा ,मगला कटारा के खेत में हुए नुकसान की मांग की। इस अवसर अवसर सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद कटारा,महेंद्र पटेल, बालू भाई,कमलकांत, पवन, रमेश,सतीश,कमलेश,मणिलाल वार्ड पंच एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

सुखेर थाने जाएं तो सावधान!! सात दिन से बंद हैं सीसीटीवी!! जो पुलिस सीसीटीवी से राज खोलती है वो थाने के 'बंद' क्यों रखती है????

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। जो पुलिस बार-बार लोगों से ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाने का आह्वान करती है ताकि अपराध कम किए जा सकें। जो पुलिस बड़े से बड़े मामलों में सैंकड़ों सीसीटीवी फुटेज देख कर खुलासे करती है वो अपने ही थाने के सीसीटीवी बंद क्यों रखती है या दूसरे शब्दों में कहें तो जरूरत पड़ने पर कैमरे बंद क्यों पाए जाते हैं। आम आदमी को तो खैर सीसीटीवी के फुटेज मांगने पर नहीं मिलते हैं लेकिन जन प्रतिनिधियों के सीसीटीवी फुटेज मांगने पर कहा जाए कि कैमरे बंद हैं तो फिर खुद ही समझ जाइये कि पुलिस के सिस्टम में चल क्या रहा है। उदयपुर के सुखेर थाने में सात दिन से सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। आसपुर विधायक उमेश मीणा ने जब एक युवक की मौत के मामले में थानाधिकारी हिमांशुसिंह से थाने के सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा ताकि घटना के बारे में और अधिक स्पष्ट जानकारी सामने आ सके। तब सामने आया कि सीसीटीवी सात दिन से बंद हैं। जबकि घायल को सुखेर से एमबी अस्पताल तक पहुंचाने के सीसीटीवी फुटेज



पुलिस के पास मौजूद हैं। थाने के सीसीटीवी कैमरे सात दिन तक खराब होना बहुत बड़ी तकनीकी समस्या हो सकती है लेकिन जब मामला किसी की जान चली जाने का हो तो इससे गंभीर सवाल भी उठ खड़े हो सकते हैं। आसपुर विधायक ने बताया कि उनसे थानाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे सात दिन से बंद हैं तो वे फुटेज कहां से दिखाएंगे। इस बारे में उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की है व अब रोजनामचे तथा एसपी साहब व जयपुर कंट्रोल रूम तक सीसीटीवी कैमरे के बंद होने को अवगत करवाने की सूचना देने की कॉपी मांगी गई है। इस बारे में जब हमने एक्सपर्ट्स से पूछा तो उन्होंने बताया कि गाइड लाइंस यह कहती है कि थानों के सीसीटीवी कैमरे जयपुर से कन्ट्रोल होते हैं। कैमरों को बन्द होने की सूचना सबसे पहले जयपुर कन्ट्रोल रूम को पता चल जाती है तथा उन्हें ही इनको ठीक करवाने का जिम्मा लेना होता है। रोजनामचा रिपोर्ट में इसकी सूचना लिख कर एसपी साहब और जयपुर कन्ट्रोल रूम को अवगत करवाना होता है। इस मामले में भी यह सब जरूर करवाया गया होगा। जनता के साथ ही जन प्रतिनिधियों को भी फुटेज नहीं मिल पाना चिंता व चर्चा का विषय बन गया है। अब एसपी साहब को हस्तक्षेप करते हुए तुरंत इस मामले में पुरानी एसओपी दुरूस्त करनी चाहिए व नई जारी करनी चाहिए। गौरतलब है कि इसी थाने में कई महत्वपूर्ण मामलों की भी जांच चल रही है। थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने कई बड़े व महत्वपूर्ण मामलों का पर्दाफाश करते हुए खुलासे किए गए है। इसमें थाइलैण्ड की युवती पर गोली चलाने का प्रकरण भी शामिल है। ऐसे महत्वपूर्ण थाने में सीसीटीवी कैमरों का दुरूस्त होना पुलिस महकमे की प्रथम प्राथमिकता होना चाहिए था। एसपी साहब को अब हर थाने के बाहर सूचना बोर्ड पर यह स्पष्ट रूप से अंकित करवाना चाहिए कि प्रार्थी के थाने में प्रवेश के समय थाने का सीसीटीवी कैमरा चालू है या नहीं। नहीं है तब प्रार्थी अपना मोबाइल कैमरा ऑन करने की इजाजद दी जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का नहीं होता पुलिस पर असर

आईजी स्टेट क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो ने राज्य के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किए हैं जिसमें सभी प्रकरणो व आरटीआई में चाहे जाने पर आवेदक को सीसीटीवी रेकॉर्डिंग उपलब्ध करवानी है। परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह के मामले में सुप्रीम कोर्ट का 2020 का फैसला पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी की स्थापना को अनिवार्य करके संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी व्यक्तियों और विचाराधीन कैदियों के मानवाधिकारों को बरकरार रखने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय था। परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह केस में बताया गया कि सीसीटीवी के कामकाज, रखरखाव और रिकॉर्डिंग की जिम्मेदारी संबंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ की होगी। यह एसएचओ का कर्तव्य और दायित्व होगा कि वह सीसीटीवी या सहायक उपकरणों में किसी भी खराबी के बारे में तुरंत डीएलओसी को रिपोर्ट करेगा।

सीसीटीवी बंद तो एसएचओ की होगी जिम्मेदारी

यदि किसी विशेष पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी काम नहीं कर रहे हैं, तो संबंधित एसएचओ उक्त अवधि के दौरान उस पुलिस स्टेशन में की गई गिरफ्तारी/पूछताछ के बारे में डीएलओसी को सूचित करेगा और उक्त रिकॉर्ड डीएलओसी को अग्रेषित करेगा। यदि संबंधित एसएचओ ने किसी विशेष पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी के खराब होने या काम न करने की सूचना दी है, तो डीएलओसी तुरंत उपकरण की मरम्मत और खरीद के लिए एसएलओसी से अनुरोध करेगा, जो तुरंत किया जाएगा। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक को संबंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ को स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपने के लिए पुलिस स्टेशन के प्रभारी व्यक्ति को निर्देश जारी किया जाना चाहिए। पुलिस स्टेशन में सभी गैर-कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को बहाल करने व सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए भी आदेशित करना चाहिए, सीसीटीवी डेटा रखरखाव, डेटा का बैकअप, दोष सुधार आदि के लिए भी पुलिस अधिकारी को जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित राज्य और/या केंद्र शासित प्रदेश में कार्यरत प्रत्येक पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

थाने के चप्पे चप्पे में होने चाहिये सीसीटीवी कैमरे

इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि पुलिस स्टेशन का कोई भी हिस्सा खुला न रहे, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पुलिस स्टेशन का मुख्य द्वार; सभी लॉक-अप; सभी गलियारे, लॉबी/स्वागत क्षेत्र, सभी बरामदे/आउटहाउस, इंस्पेक्टर का कमरा; सब-इंस्पेक्टर का कमरा; लॉक-अप रूम के बाहर के क्षेत्र, स्टेशन हॉल, पुलिस स्टेशन परिसर के सामने, शौचालय/शौचालय के बाहर (अंदर नहीं); ड्यूटी अधिकारी का कमरा; थाने का पिछला भाग आदि। पुलिस थानों मे जो सीसीटीवी सिस्टम लगाए जाने हैं, वे नाइट विजन से लैस होने चाहिए और उनमें ऑडियो के साथ-साथ वीडियो फुटेज भी शामिल होना चाहिए। जिन क्षेत्रों में बिजली या इंटरनेट नहीं है, वहां सौर/पवन ऊर्जा सहित बिजली प्रदान करने के किसी भी तरीके का उपयोग करके इसे यथासंभव शीघ्रता से प्रदान करना राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का कर्तव्य होगा। जो इंटरनेट प्रणालियाँ प्रदान की जाती हैं वे ऐसी प्रणालियाँ भी होनी चाहिए जो स्पष्ट छवि रिज़ॉल्यूशन और ऑडियो प्रदान करती हों। सबसे महत्वपूर्ण है सीसीटीवी कैमरा फुटेज का भंडारण जो डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर और/या नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर में किया जा सकता है। फिर ऐसे रिकॉर्डिंग सिस्टम के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए ताकि उनमें संग्रहित डेटा 18 महीने की अवधि तक संरक्षित रहे। सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के लिए इसे खरीदना अनिवार्य होगा।

मानवाधिकार आयोग को दी जा सकती है शिकायत

जब भी पुलिस स्टेशनों पर बल प्रयोग की सूचना मिलती है जिसके परिणामस्वरूप गंभीर चोट लगती है और/या हिरासत में मौतें होती हैं, तो यह आवश्यक है कि व्यक्ति इसके निवारण के लिए शिकायत करने के लिए स्वतंत्र हों। ऐसी शिकायतें न केवल राज्य मानवाधिकार आयोग को की जा सकती हैं, जिसे ऐसी शिकायतों के निवारण के लिए विशेष रूप से मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 17 और 18 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करना होगा, बल्कि मानवाधिकार आयोग को भी ऐसा करना होगा। न्यायालय, जिन्हें उपरोक्त अधिनियम की धारा 30 के तहत प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थापित किया जाना चाहिए। आयोग/न्यायालय घटना के संबंध में तुरंत सीसीटीवी कैमरा फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए तलब कर सकता है, जिसे बाद में शिकायत पर आगे की कार्रवाई के लिए जांच एजेंसी को उपलब्ध कराया जा सकता है। इस मामले में जयवंत भेरविया द्वारा स्टेट क्राइम रिकाड्र्स में प्रस्तुत आरटीआई आवेदन में 16 नवंबर 2023 को आदेश की सूचना प्रदान की गई जो कि राज्य के समस्त जिला पुलिस अधीक्षक को जारी किया गया था जिसमे वर्णित था कि भविष्य में पुलिस थाना स्तर पर आपराधिक प्रकरणों / परिवादों / आरटीआई में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज/ रेकॉर्डिंग चाहने पर जिला स्तर पर ही सम्बंधित आवेदक को फुटेज/रेकॉर्डिंग उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

श्री काली कल्याण मंदिर निर्माण को लेकर 108 हनुमान चालीसा अनवरत पाठ का आयोजन हुआ



24 न्यूज अपडेट

ओम जैन शंभूपुरा।श्रीकल्याण दाताहुकम की आज्ञा से एवं उनकी दिव्य प्रेरणा से, श्री काली कल्याण मंदिर निर्माण के पावन अवसर पर, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को अत्यंत विधिपूर्वक संपन्न करने हेतु 108 हनुमान चालीसा अनवरत पाठ का आयोजन किया गया।

इस महायज्ञ में, भक्तों ने प्रेम और श्रद्धा से 108 प्रकार के विभिन्न प्रसाद अर्पित किए, जिन्हें अभिमंत्रित कर प्रभु को समर्पित किया गया।

मंगलवार 19 नवम्बर को ब्रह्म मुहूर्त 4 बजे से प्रारंभ होकर सुबह 9 बजे तक 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवं 9:15 पर आरती की गई।

इस पुण्य अवसर पर नवीन त्रिवेदी, सीमा त्रिवेदी, अंकित त्रिवेदी, अजय मोड भारत मोड, गोपाल मोड, सत्तू रायका, किशन माली, राजेश, दिनेश सुखवाल, अशोक जोशी, बाबूलाल शर्मा, भैरू गुर्जर, रवि गुर्जर, कैलाश गुर्जर, कान्हा गुर्जर, ममता, वर्षा मोड, रेखा मोड, किरण सुखवाल, बाली गुर्जर ने प्रार्थना कर पाठ करके श्री हनुमानजी की कृपा एवं श्री कल्याण दाताहुकम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रशासन से समझौते के बाद खुले जहाजपुर के बाजार:सातवें दिन बनी सहमति, हर दिन 3 घंटे जारी रहेगा सांकेतिक धरना



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा.जहाजपुर में जलझूलनी एकादशी के दिन बेवाण पर पथराव से हुए विवाद के चलते नगर में कल्याण जी मंदिर के बाहर जारी आंदोलन सातवें दिन प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। हालांकि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक बेवान कल्याण जी मंदिर में ही रहेगा। साथ ही लोग सांकेतिक रूप से रोज 3 घंटे धरना देंगे।

मंगलवार को बजरंग दल प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल ने धरना स्थल और पथराव स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। धरना स्थल पर विधायक गोपीचंद मीणा, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा, सह मंत्री युधिष्ठिर हाडा, सामाजिक समरसता विनीत द्विवेदी,विभाग मंत्री विजय औझा,धरना स्थल पर पहुंचे, जहां पर धरने पर बैठे लोगों को प्रशासन द्वारा हिन्दू समाज की मांगों पर की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया। लोगों के धरने के बाद प्रशासन ने कार्यों में तेजी लाने का प्रयास किया है। इसके तहत घास भेरू चौराहे पर देवनारायण मंदिर का जीर्णोधार कार्य प्रारंभ हो चुका है। किले पर स्थित पीताम्बर राय मंदिर का जीर्णोद्धार प्रारंभ किया जा चुका है। साथ ही किले के रास्ते की सफाई कार्य चालू हो गया और उस पर सीसी रोड निर्माण कार्य भी जल्दी प्रारंभ किया जाएगा। शेष मांगों पर 28 नवंबर तक कार्रवाई किए जाने का प्रशासन ने आश्वासन दिया, जिसके बाद 28 नवंबर तक धरना स्थगित करने पर सहमति बनी और बाजार खोले गए।

स्कूल से लौट रहे बच्चे का कुत्ते ने काटा कान, पॉलिथीन में लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन

24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। आजकल कुत्तों का आतंक बढता ही जा रहा है व अब ये जानलेवा हमला करने लगे हैं। बांसवाड़ा में चार साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। उसने बच्चे का कान जबड़े में दबोच लिया। बच्चे के जोर से चिल्लाने की आवाज पर मौके पर दौडे आए लोगों ने बच्चे को कुत्ते से छुड़ाया, लेकिन तब तक उसका कान कटकर अलग हो चुका था। घटना छोटी सरवन क्षेत्र के अंदरू का पाड़ा गांव की है। बच्चे के पिता दिनेश ने मीडिया को बताया कि बताया- अंदरू का पाड़ा गांव के स्कूल में परिवार के बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं। मंगलवार शाम करीब 4 बजे बच्चे स्कूल से घर लौट रहे थे। इस दौरान मेरे बेटे आयुष पर कुत्ते ने हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने कुत्ते से बच्चे को छुड़ाया। बच्चे का लेफ्ट साइड का कान शरीर से अलग हो चुका था। लहूलुहान बच्चे को छोटी सरवन के सरकारी अस्पताल लेकर आए तो कान को पॉलिथीन में रखकर लेकर गए। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे एमजी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। एमजी अस्पताल में ट्रीटमेंट के बाद बुधवार को परिजन बच्चे और पॉलिथीन में रखे कान को लेकर घर रवाना हो गए। हालांकि हॉस्पिटल में कान को जोड़ा नहीं जा सका था। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि परिजन किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में बच्चे का इलाज करवाने की बात कह रहे थे। बताया जाता है कि बच्चा अभी स्कूल में प्रवेशित नहीं था मगर फिर भी अन्य बच्चों के साथ स्कूल जाना सीख रहा था।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।